बी.एस.ओ.एम.162

# चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम

(बी ए एफ एस ओ)

सत्रीय कार्य

जुलाई 2025 और जनवरी 2026

पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.ओ.एम.162

## भारतीय समाज समझ


इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

प्रिय छात्र,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता है: i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में बी.एस.ओ.एम.–162 : **भारतीय समाज समझ** का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 4 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है।

इस पुस्तिका में 2 खण्ड हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा जिनका मूल्यांकन में 30 प्रतिशत भार है।

खण्ड–1 में वर्णनात्मक श्रेणी (DCQs) के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

खण्ड–2 में मध्य श्रेणी (MCQs) और लघु श्रेणी (SCQs) के प्रश्न हैं। मध्य श्रेणी के प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं। लघु श्रणी प्रश्न व्यक्तियों, ऐतिहासिक लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द.सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगाय तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें।

सत्रीय कार्य जमा करने का समय सीमा

<table>
<tr><th>सत्र</th><th>जमा करने की तिथि</th><th>कहां जमा करना है</th></tr>
<tr><td>जुलाई 2025 सत्र के लिए</td><td>30 अप्रैल 2026</td><td rowspan="2">पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करा दें।</td></tr>
<tr><td>जनवरी 2026 सत्र के लिए</td><td>31 अक्टूबर 2026</td></tr>
</table>

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

अन्य सत्रीय कार्यों की तरह आपके यह सत्रीय कार्य भी अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक को जमा कराना होगा। आपका क्षेत्रीय केन्द्र आपको ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा भी प्रदान कर सकता है। इसके लिए आप अपने क्षेत्रीय केन्द्र की वेबसाइट पर देखें कि आपके केन्द्र में ऑनलाइन सत्रीय कार्य जमा करने की सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं।

मूल्यांकन के पश्चात् अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें:

1) योजना : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) संगठन : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

   क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

   ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

   ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

3) प्रस्तुतीकरण : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। उत्तर साफ.साफ लिखें और जिन बिन्दुओं पर आप विशेष बल देना चाहते है उन्हें रेखांकित करें यह अवश्य सुनिश्चित कर लं कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनााओं के साथ

समाजशास्त्र संकाय<br>
एस.ओ.एस.एस,इग्नू,<br>
नई दिल्ली

# बी.एस.ओ.एम–162 : भारतीय समाज समझ

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः BSOM-162
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.एस.टी.एम.ए / 2025-26
अधिकतम अंकः 100

### खण्ड I

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।** *अंक*

1. भारत में विविधता के रूपों और आधारों का परीक्षण कीजिए। 20
2. समकालीन भारत में जाति व्यवस्था में निरंतरता और परिवर्तनों के प्रमुख तत्वों का विश्लेषण कीजिए। 20

### खण्ड II

**निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।**

3. भारत में जनजाति समुदायों की विशिष्ट विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 10
4. भारत में सांप्रदायिकता के उदय में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों पर चर्चा कीजिए। 10
5. भारतीय समाज में वर्ग निर्माण पर ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। 10

### खण्ड III

**निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लगभग 100 शब्दों लिखिए।**

6. आधुनिकीकरण के रूप में विकास और परिवर्तन 6
7. बहुपतित्व 6
8. भारत में जाति और राजनीति के बीच परस्पर क्रिया 6
9. भारतीय समाज में नातेदारी का समाजशास्त्रीय महत्व 6
10. वर्ण और जाति के बीच अंतर 6